सिवनी

शब्दबाणों का प्रहार

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

# राष्ट्रबाण

संपादक : संजय बघेल

बुधवार 8 अप्रैल 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in • वर्ष : 10 • अंक : 337 • पृष्ठ : 06 • मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan




## न्यूज ब्रीफ

### नागपुर में एक बगीचे में मिला विस्फोटक, जिलेटिन की छड़ें जब्त

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर में दोसर भवन चौक पर स्थित एक बगीचे में विस्फोटक मिले। यह आरएसएस मुख्यालय से दो किमी दूर है। बम स्क्वॉड ने मौके पर पहुंचकर 58 डेटोनेटर और 15 जिलेटिन की छड़ें जब्त कीं। आगे की जांच जारी है। इलाके के सीसीटीवी फुटेज भी देखे जा रहे हैं।

### मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत मिली

**नईदिल्ली।** दिल्ली की कोर्ट ने मंगलवार को एआईएडीएमके के 'दो पत्ती' चुनाव चिन्ह से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ठग सुकेश चंद्रशेखर को जमानत दे दी। कोर्ट ने उन्हें 5 लाख रुपए के निजी मुचलके और 5 लाख रुपए के जमानती मुचलके पर जमानत दी। हालांकि सुकेश अभी जेल से बाहर नहीं आ सकेगा। सुकेश को अब तक 31 में से 26 मामलों में जमानत मिल चुकी है।

### असम के हैलाकांडी में भूकंप, रिक्टर पैमाने पर तीव्रता 4.8 आंकी

**हैलाकांडी।** असम के हैलाकांडी में मंगलवार दोपहर 2.18 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 4.8 आंकी गई। भारतीय सिस्मोलॉजी केंद्र के अनुसार, भूकंप का केंद्र हैलाकांदी जिले में जमीन से केवल 5 किलोमीटर की गहराई पर था। झटके महसूस होते ही लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल आए। जानमाल के नुकसान की कोई जानकारी सामने नहीं आई है।

### प्रवासी मजदूरों के लिए 5किलो एलपीजी सिलेंडरों का कोटा बढ़ा

**नईदिल्ली।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने बताया है कि प्रवासी मजदूरों को बांटने के लिए हर राज्य को दिए जाने वाले 5किलो एलपीजी सिलेंडरों का रोजाना का कोटा दोगुना किया जा रहा है। ये 5किमला सिलेंडर संबंधित राज्य सरकारों या उनके खाद्य / नागरिक आपूर्ति विभागों के पास उपलब्ध रहेंगे। ये सिलेंडर खास तौर पर प्रवासी मजदूरों को ही दिए जाएंगे।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# भोपाल में खुलेगा फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट

## उज्जैन एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़, मोहन कैबिनेट ने सौ फीसदी मसूर खरीदने को दी मंजूरी

राष्ट्रबाण | भोपाल | एजेंसी | rashtrabaan.in

**प्रदेश** में वित्तीय प्रबंधन को लेकर राज्य सरकार ने फाइनेंशियल ट्रेनिंग एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट (एफटीआरआई) खोलने को मंजूरी दे दी है। मोहन यादव कैबिनेट ने आज इस प्रस्ताव पर मुहर लगा दी है। यह इंस्टीट्यूट प्रदेश में वित्तीय प्रबंधन पर रिसर्च और बजट आकलन समेत अन्य वित्तीय व्यवस्थाओं के लिए काम करेगा। इसका संचालन शुरुआत में प्रशासन अकादमी से किया जाएगा। इसके अलावा एससी वर्ग के छात्रों के लिए दस हजार रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप भी मंजूर की गई है।

### कातन सिंचाई परियोजना को मंजूरी

कैबिनेट के फैसलों की जानकारी देते हुए एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने बताया कि बैठक में मंदसौर जिले में गांधी सागर बांध से जुड़ी कातन सिंचाई परियोजना को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना में 3500 हेक्टेयर क्षेत्र सिंचित होगा और 120 गांवों के 1358 परिवारों को इसका लाभ मिलेगा। योजना पर 88.41 करोड़ रुपए का खर्च आएगा।

### 25 प्रतिशत चना, 100 फीसदी मसूर खरीदेंगे

कैबिनेट ने चना और मसूर की खरीदी को भी मंजूरी दी है। चने का भाव 5000 रुपए और मसूर का 5800 रुपए क्विंटल है। सरकार चने के कुल उत्पादन का 25 प्रतिशत खरीदी करेगी और मसूर का 100 फीसदी खरीदी करने का फैसला किया गया है। इसके लिए 3174 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है। प्रदेश में गेहूं खरीदी 9 अप्रैल से शुरू होगी और पहले छोटे किसानों को खरीदी के लिए बुलाया जाएगा।



### उज्जैन में एयरपोर्ट के लिए 590 करोड़ रुपए मंजूर

उज्जैन में सिंहस्थ को देखते हुए एयरपोर्ट विकसित करने राज्य सरकार ने 590 करोड़ रुपए की मंजूरी दी है। यह राशि एयरपोर्ट के लिए भूमि अधिग्रहण पर खर्च की जाएगी। केंद्र सरकार की उड़ान योजना के अंतर्गत यह एयरपोर्ट बनेगा और इसका काम केंद्र सरकार पूरा कराएगी। इसके बनने से सिंहस्थ के दौरान लोगों को आवागमन में सुविधा होगी।



योजनाओं को चालू रखने का फैसला वाणिज्यिक कर विभाग की 8 योजनाओं को निरंतर जारी रखने को मंजूरी गई है। 2952 करोड़ रुपए मंजूर किए गए हैं। इसी तरह वन विभाग की वन क्षेत्र योजनाओं के लिए 5215 करोड़ और स्कूल शिक्षा विभाग की अलग -अलग योजनाओं को निरंतर चालू रखने के लिए 4672 करोड़ रुपए की मंजूरी दी गई है।

### अंबेडकर जयंती पर आज से प्रदेश भर में कार्यक्रम

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कैबिनेट बैठक से पूर्व अपने संबोधन में कहा कि डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती पर 14 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। अंबेडकर की जयंती के कार्यक्रम 8 अप्रैल से आरंभ होकर 14 अप्रैल तक चलेंगे। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भिंड जिला मुख्यालय पर होगा। जिला मुख्यालयों सहित सभी विकास खंडों में भी अंबेडकर जयंती पर कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

### एससी वर्ग के छात्रों को 10 हजार रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप

कैबिनेट ने एससी वर्ग के छात्रों के लिए दस हजार रुपए प्रतिमाह स्कॉलरशिप देने को भी मंजूरी दी है। अभी यह 2000 रुपए प्रतिमाह दी जाती थी, लेकिन महंगाई को देखते हुए अब सरकार ने इसे दस हजार रुपए प्रतिमाह कर दिया है। अब पोस्ट ग्रेजुएट और ग्रेजुएट करने वाले बच्चों को यह राशि दी जाएगी।

### बीता सप्ताह मध्यप्रदेश के लिए शुभः सीएम

बैठक के प्रारंभ में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि बीता सप्ताह मध्य प्रदेश के लिए शुभ रहा। प्रधानमंत्री मोदी ने प्रदेश को नए फोरलेन मार्गों की कई स्वीकृतियां प्रदान कर सौगातें दी। एनएच 46 के इटारसी - बैतूल सेक्शन में 758 करोड़ रुपए लागत के 22 किलोमीटर लंबे टाइगर कॉरिडोर को स्वीकृत किया गया।

इसी तरह प्रदेश के निवाड़ी और उत्तर प्रदेश के झांसी को जोड़ने वाले 15.6 किलोमीटर लंबे फोरलेन दक्षिणी बाइपास के निर्माण और बंगाय खास से ओरछा तिगेला के निर्माण तथा एनएच44 और एनएच 39 को जोड़ने वाली लिंक रोड के लिए 631.73 करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई है। इन स्वीकृतियों से प्रदेश के व्यापारिक, आर्थिक, पर्यटन इत्यादि सभी तरह की गतिविधियों को लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने उज्जैन में हुए अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन महाकाल द मास्टर ऑफ टाइम के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि सम्मेलन में प्रख्यात खगोल वैज्ञानिकों द्वारा भारतीय काल गणना की वैज्ञानिकता और प्राचीन श्रेष्ठता पर गहन मंथन किया गया। उज्जैन नगरी लंबे समय तक काल गणना का केंद्र रही है, भूमध्य रेखा और कर्क रेखा का कटाव केंद्र बिंदु जो पहले उज्जैन में था अब उज्जैन से 32 किलोमीटर दूर डोंगला में शिफ्ट हो गया है। उज्जैन की गौरवशाली पहचान को विश्व पटल पर पुनः स्थापित करना भी कार्यक्रम का उद्देश्य था।

# ट्रम्प बोले- ईरान में पूरी सभ्यता खत्म होगी

## मैं ऐसा नहीं चाहता, लेकिन ऐसा ही होगा



राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**अमेरिका** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आज रात ईरान की पूरी सभ्यता खत्म करने की धमकी दी है। उन्होंने कहा- आज रात एक पूरी सभ्यता खत्म हो जाएगी, जिसे फिर कभी वापस नहीं लाया जा सकेगा। उन्होंने कहा- मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो, लेकिन शायद ऐसा ही होगा। हालांकि, अब वहां सत्ता पूरी तरह बदल चुकी है, जहां अलग, ज्यादा समझदार और कम कट्टर सोच वाले लोग मौजूद हैं। कौन जानता है कि शायद कुछ बहुत शानदार और क्रांतिकारी हो सकता हो?

ट्रम्प ने दावा किया कि आज रात हम दुनिया के लंबे और जटिल इतिहास के सबसे अहम पल के गवाह बनेंगे। 47 सालों की ज्यादती, भ्रष्टाचार और मौत का सिलसिला आखिरकार खत्म हो जाएगा। ईश्वर ईरान के लोगों की रक्षा करे।

**ईरान में कई जगहों पर अटैकः** अमेरिका और इजराइल ने मंगलवार को ईरान में कई जगहों पर हमला किया। सबसे बड़ा हमला खार्ग आइलैंड पर हुआ, जहां ऑयल टर्मिनल को निशाना बनाया गया। ईरान का करीब 80 से 90% कच्चा तेल यहीं से एक्सपोर्ट होता है।

इसी दौरान कोम और कशान में भी पुलों को निशाना बनाया गया। काशान के पास यहयाबाद रेलवे पुल पर हमले में 2 लोगों की मौत हो गई और 3 लोग घायल हुए हैं। इसके अलावा उत्तर-पश्चिम ईरान में तबरीज-जंजान हाईवे के पुल पर भी हमला किया गया। इससे पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने चेतावनी दी थी कि अगर ईरान ने मंगलवार को रात 8 बजे (अमेरिका समयानुसार) तक होर्मुज स्ट्रेट नहीं खोला, तो उसके जरूरी ठिकानों पर हमला किया जाएगा।

### अमेरिका का दावा- ईरान में ज्यादातर सैन्य टारगेट पूरे

अमेरिका के उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ईरान के साथ चल रहे युद्ध में अमेरिका ने अपने ज्यादातर सैन्य टारगेट हासिल कर लिए हैं। उन्होंने बताया कि अमेरिका को उम्मीद है कि डोनाल्ड ट्रम्प की तय समय सीमा तक ईरान की तरफ से सीजफायर को लेकर जवाब आ सकता है।

### तेल संकट का चीन पर असर क्यों नहीं, 20 साल पहले इमरजेंसी भंडार बनाए

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच जहां कई देश ऊर्जा संकट से जूझ रहे हैं, वहीं चीन पर इसका असर बाकी दुनिया के मुकाबले कम दिखाई दे रहा है। इसकी वजह यह है कि चीन खुद को कई सालों से ऐसे हालात के लिए तैयार कर रहा था।

# बम हमले में 2 बच्चों की मौत के बाद हिंसा : प्रदर्शनकारियों का सीआरपीएफ कैंप पर हमला

राष्ट्रबाण | इंफाल | एजेंसी | rashtrabaan.in



**मणिपुर** के बिष्णुपुर जिले में मोइरांग ट्रोंगलाओबी इलाके में सोमवार देर रात उग्रवादियों ने एक घर में बम फेंक दिया। जिसमें 5 साल के एक लड़के और छह महीने की बच्ची की मौत हो गई। पुलिस ऑफिसर ने बताया कि जब घर में बम फटा, तब बच्चे अपनी मां के साथ बेडरूम में सो रहे थे। मां घायल है।

स्थानीय लोगों ने घटना के विरोध में मंगलवार सुबह प्रोटेस्ट किया। इलाके में एक पेट्रोल पंप के पास दो ऑयल टैंकर और एक ट्रक में आग लगा दी। उन्होंने मोइरांग पुलिस स्टेशन के सामने टायर जलाए और एक पुलिस चौकी को तोड़ दिया।

इसके बाद भीड़ ने घटनास्थल से 100 मीटर दूर सीआरपीएफ कैंप पर भी हमला कर दिया। जवाबी फायरिंग में 2 की मौत हो गई, पांच घायल हो गए। मणिपुर सरकार ने मौजूदा कानून-व्यवस्था की स्थिति को देखते हुए, इंफाल वेस्ट, इंफाल ईस्ट, थौबल, काकचिंग और बिष्णुपुर जिलों में इंटरनेट और मोबाइल डेटा सर्विस को 3 दिनों के लिए बंद कर दिया है।

**सीएम ने घायल महिला से मुलाकात कीः** मुख्यमंत्री वाई खेमचंद सिंह मंगलवार सुबह पीड़ित मां से मिलने अस्पताल पहुंचे। उन्होंने कहा कि इस जुर्म के लिए जिम्मेदार लोगों की पहचान की जाएगी और उनसे कानून के तहत सख्ती से निपटा जाएगा। खेमचंद ने कहा कि यह हमला एक बर्बर हरकत है और इंसानियत पर सीधा हमला है।

### जम्मू-कश्मीर में 16 साल से फरार पाकिस्तानी आतंकी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा टेरर मॉड्यूल से जुड़े कुल 5 लोगों को अरेस्ट किया है। इनमें से दो पाकिस्तानी आतंकी हैं, बाकी उनके मददगार हैं। एक आतंकी की पहचान अब्दुल्ला उर्फ अबू हुरेरा के रूप में हुई है। अब्दुल्ला 16 साल से फरार था। वहीं, दूसरा पाकिस्तानी आतंकी उस्मान उर्फ खुबैब है।

जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ-साथ सेंट्रल एजेंसियां भी इस ऑपरेशन में शामिल थीं। जम्मू-कश्मीर, राजस्थान और हरियाणा समेत 19 जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया गया। कुछ सामान भी बरामद किया। जांच में ड्रग्ज़ के एक नेटवर्क का पता चला, जो आतंकवादियों को लॉजिस्टिक्स और फाइनेंशियल मदद करता था।

# असम पुलिस की पवन खेड़ा के घर छापेमारी

## खेड़ा ने आरोप लगाया था- सीएम हिमंता की पत्नी के पास 3 पासपोर्ट

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in



**असम** पुलिस की टीम कांग्रेस नेता पवन खेड़ा के दिल्ली आवास पर पहुंची है। सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी की एफआईआर के बाद यह कार्रवाई की गई है। पवन घर पर नहीं है। असम पुलिस उनसे पूछताछ के लिए इंतजार कर रही है। दिल्ली पुलिस भी साथ में मौजूद है।

दरअसल दो दिन पहले पवन ने असम सीएम हिमंता बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकी भुइयां सरमा पर आरोप लगाया था कि उनके पास मिस्र, एंटीगा-बरबूडा और यूएई के पासपोर्ट हैं। हिमंता और उनकी पत्नी ने आरोपों को गलत बताया था। दिल्ली में छापेमारी पर सीएम सरमा ने आज कहा कि वह कल गुवाहाटी से भाग गए। मुझे मीडिया के जरिए पता चला है कि पुलिस दिल्ली में उनके घर गई थी, लेकिन वह हैदराबाद भाग गए हैं। कानून अपना काम करेगा।

हिमंता की पत्नी ने सोमवार को एफआईआर भी कराई थी। असम में 9 अप्रैल को वोटिंग होगी। आज शाम 5 बजे प्रचार थम जाएगा।

### अग्निमित्रा पॉल का आरोप- ममता की वजह से कई अफसर के नाम वोटर लिस्ट से बाहर

पश्चिम बंगाल के आसनसोल में बीजेपी विधायक अग्निमित्रा पॉल ने स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन (एसआईआर) को लेकर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर आरोप लगाया कि ममता बनर्जी की वजह से कई अफसरों के नाम वोटर लिस्ट से हट गए। पॉल के मुताबिक अगर राज्य सरकार ने शुरुआत से चुनाव आयोग के साथ सहयोग किया होता तो आज यह स्थिति नहीं बनती। उन्होंने कहा कि कुछ वैध और कानूनी अफसरों के नाम भी सूची से हटाए गए हैं, जिससे लोगों में नाराजगी है।

# पाकिस्तान कितने टुकड़ों में बंटेगा, भगवान ही जाने :बंगाल में नजर डाली तो बुरा नतीजा होगा

## पाक बोला था- भविष्य में कोलकाता निशाने पर

राष्ट्रबाण | कोलकाता | एजेंसी | rashtrabaan.in

**रक्षा** मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कोलकाता पर हमला करने की धमकी पर जवाब दिया। राजनाथ ने कहा कि आसिफ को इस तरह का भड़काऊ बयान नहीं देना चाहिए था।

55 साल पहले जब पाकिस्तान दो हिस्सों में बंटा था। तब उन्हें इसके बुरे नतीजे भुगतने पड़े थे। अगर उन्होंने बंगाल पर बुरी नजर डालने की कोशिश की, तो भगवान ही जाने कि इस बार पाकिस्तान के कितने टुकड़े हो जाएंगे।



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने 4 अप्रैल को सियालकोट में पत्रकारों से बात करते हुए भारत को धमकी दी थी। उन्होंने कहा था कि अगर भारत कोई फॉल्स फ्लैग ऑपरेशन (छिपकर हमला) करता है, तो इस बार संघर्ष सिर्फ सीमा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि कोलकाता तक पहुंच सकता है।

**बंगाल चुनाव में टीएमसी ने उठाया पाकिस्तान की धमकी वाला मुद्दा....**

टीएमसी नेता अभिषेक बनर्जी सोमवार को बोले कि, खुद को '56 इंच' वाला बताने वाले प्रधानमंत्री और उनके गृह मंत्री चुनाव प्रचार में इतने व्यस्त हैं कि उनके पास बंगाल के खिलाफ बाहरी हमले की सीधी धमकियों का जवाब देने का समय ही नहीं है।

पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कहा- आप (पीएम मोदी) चुनावी रैलियों में बंगाल को टारगेट करते हैं।

## जस्टिस नागरत्ना बोलीं- महिला को महीने के 3 दिन 'अछूत' मानें, चौथे दिन नहीं, ऐसा क्यों

# सबरीमाला मंदिर में महिलाओं की एंट्री का फैसला गलत

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट की 9 जजों की बेंच ने मंगलवार को सबरीमाला मंदिर में महिलाओं को एंट्री देने का आदेश जारी रहे या नहीं इस पर पहले दिन 5 घंटे सुनवाई की। केंद्र ने शुरुआत में ही सुप्रीम कोर्ट में सबरीमाला मंदिर में मासिक धर्म आयु की महिलाओं के प्रवेश पर लगी रोक का समर्थन किया।

सरकार ने कहा, '2018 में सभी वर्ग की महिलाओं को एंट्री देने का सुप्रीम कोर्ट का फैसला गलत था। यह मामला पूरी तरह धार्मिक आस्था और संप्रदाय के अपने अधिकार से जुड़ा है। अदालतें महिलाओं के धार्मिक स्थलों में प्रवेश के मामले में दखल नहीं दे सकतीं।




सरकार ने कहा कि अगर कोई प्रथा गैर-वैज्ञानिक लगती है, तो उसका हल संसद या विधानसभा के पास है, न कि अदालत के पास।

जस्टिस नागरत्ना ने कहा- इस मामले में 'अनुच्छेद 17' यानी छुआछूत के खिलाफ अधिकार पर दलील किस तरह पेश की जाए, यह मेरी समझ से बाहर है। एक महिला होने के नाते मैं यह कहना चाहूंगी कि ऐसा नहीं हो सकता कि हर महीने 3 दिन तक तो महिला को 'अछूत' माना जाए और चौथे दिन अचानक कोई 'अछूतपन' न रह जाए।

### केंद्र ने कहा- हर धार्मिक प्रथा का सम्मान करना चाहिए

सरकार ने कहा, 'हर धार्मिक समूह की प्रथाओं का सम्मान करना चाहिए और हर चीज को गरिमा या व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। उदाहरण के तौर पर, अगर किसी मजार या गुरुद्वारे में सिर ढकना जरूरी है, तो इसे अधिकारों का हनन नहीं कहा जा सकता। जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अगर कोई सामाजिक बुराई है, जिसे धार्मिक प्रथा का नाम दे दिया गया हो तो अदालत उनके बीच फर्क कर सकती है कि वह एक सामाजिक बुराई है या कोई अनिवार्य धार्मिक प्रथा है। इस पर केंद्र ने कहा कि संवैधानिक दृष्टि से इसका जवाब यह होगा कि इसका समाधान अनुच्छेद 25(2)(ड्ढ) में है, यानी संसद इस पर कानून बना सकती है। केंद्र ने कहा कि अगर कोई प्रथा सीधे तौर पर सार्वजनिक व्यवस्था, नैतिकता या स्वास्थ्य के खिलाफ है (जैसे मानव बलि), तो अदालत उसे तुरंत खारिज कर सकती है।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 8 अप्रैल 2026

# शहडोल राष्ट्रबाण

● ब्यौहारी ● जयसिंघनगर ● सोहागपुर ● गोहपारु ● बुढ़ार ● जैतपुर

# अवैध इंजेक्शन कारोबार का पर्दाफाश करने पर पत्रकार को मिली जान से मारने की धमकी

### देर रात घेरकर दी चेतावनी, आरोपियों का आपराधिक इतिहास, पत्रकारों की सुरक्षा पर उठे सवाल

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in


राष्ट्रबाण
शहर में नशीले इंजेक्शन का तस्करी नेटवर्क, दांव पर युवाओं का भविष्य
खौफ में परिवार, माता-पिता चिंतित, आसपास के इलाकों में अवैध सप्लाई तेज, रात-रात हो रही थोक सप्लाई



कोतवाली थाना क्षेत्र में रविवार देर रात एक पत्रकार को खबर प्रकाशित करना भारी पड़ गया। अवैध इंजेक्शन के कारोबार का खुलासा करने के बाद आरोपी और उसके साथियों ने पत्रकार को घेरकर अभद्रता की और जान से मारने की धमकी दी। घटना रात करीब 11.40 बजे बुढ़ार चौक के पास की बताई गई है, जिससे पूरे पत्रकार समुदाय में दहशत का माहौल है। ज्ञात हो कि लगातार पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस के द्वारा अवैध मादक पदार्थ पर कार्रवाई भी की जा रही, जब भी इस तरह से घटना होना और आरोपियों के हौसले बुलंद होना कहीं न कहीं पुलिस गस्त पर भी सवाल खड़ा करता है।

### खबर प्रकाशित होते ही भड़के आरोपी, बुलाकर किया सामना

बताया गया है कि एक दैनिक राष्ट्रबाण अखबार में रविवार को अवैध इंजेक्शन के कारोबार को लेकर विस्तृत खबर प्रकाशित की गई थी। इस खबर में कुछ संदिग्ध व्यक्तियों के नाम भी उजागर हुए थे, जिनमें शिवा का नाम प्रमुख रूप से सामने आया। खबर सामने आते ही आरोपी बौखला गया और अपने साथियों के साथ मिलकर और उनके माध्यम से पत्रकार को मिलने के लिए बुलाया।

### पुरानी खबर को लेकर भी जताई नाराजगी

आरोपियों में शामिल रोहित सराफ ने पत्रकार से पहले प्रकाशित एक अन्य खबर को लेकर भी नाराजगी जताई। यह खबर खनिज विभाग की कार्रवाई पर सवाल उठाने से जुड़ी थी। आरोपी ने कथित तौर पर सोनू भैया का नाम लेते हुए कहा कि वह वाहन उनके परिचित का था और ऐसी खबर प्रकाशित नहीं करनी चाहिए थी। इस दौरान उन्होंने भविष्य में इस तरह की रिपोर्टिंग न करने की चेतावनी भी दी।

### पत्रकारों की सुरक्षा पर उठे सवाल, ठोस कदमों की मांग

इस घटना ने एक बार फिर पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। सच को सामने लाने वाले पत्रकारों को इस तरह धमकियां मिलना चिंता का विषय है। पत्रकार संगठनों ने प्रशासन से मांग की है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि वे बिना डर के अपना कर्तव्य निभा सकें।

### मुख्य आरोपी का आपराधिक इतिहास, पहले भी जा चुका है जेल

गौरतलब है कि मुख्य आरोपी शिवा सिंह बघेल का आपराधिक रिकॉर्ड पहले से ही गंभीर रहा है। वह हत्या और एनडीपीएस एक्ट जैसे मामलों में पूर्व में जेल जा चुका है। इसके अलावा भी उस पर कई अन्य आपराधिक प्रकरण दर्ज होने की जानकारी सामने आ रही है। ऐसे में उसका नाम फिर सामने आना पुलिस के लिए चुनौती माना जा रहा है।

### बुढ़ार चौक पर घेरकर दी धमकी, मारपीट की भी कोशिश


पीड़ित ने बताया कि उसे रोहित नामक युवक ने बुलाया था। जब वह मौके पर पहुंचा तो वहां पहले से मौजूद आरोपियों ने उसे घेर लिया। जानकरों की माने तो आरोपियों ने पहले बहस किया और मारपीट करने की कोशिश की, लेकिन बाद में उसे जान से मारने और गंभीर परिणाम भुगतने की धमकी देने लगे। घटना के दौरान गाली-गलौज भी की गई।

### पुलिस ने दर्ज किया मामला

घटना के बाद पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए भारतीय न्याय संहिता बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच कर आरोपियों की तलाश की जा रही है और जल्द ही उन्हें गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

# जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर सुविधा, सिविल सर्जन रात में भी उपलब्ध

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कुशा भाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय में मरीजों को बेहतर स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने का प्रयास लगातार जारी है। अस्पताल की सिविल सर्जन डॉ. शिल्पी सराफ मरीजों और उनके परिजनों के लिए चौबीसों घंटे उपलब्ध हैं। मरीजों का कहना है कि डॉ. सराफ का फोन रात में भी उठता है और जरूरत पड़ने पर वे सीधे मार्गदर्शन देती हैं, जिससे गंभीर परिस्थितियों में मरीजों को त्वरित मदद मिल रही है। डॉ. शिल्पी सराफ ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा का मतलब केवल दवा और इलाज देना नहीं है बल्कि मरीजों और उनके परिवारों के साथ निरंतर संपर्क बनाए रखना भी जरूरी है। इसके तहत गंभीर मामलों में उन्हें तत्काल सलाह और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाता है। मरीज और उनके परिजन इस व्यवस्था से काफी संतुष्ट हैं। कई लोग बताते हैं कि रात के समय भी उन्हें डॉ. सराफ से सलाह मिली और उनकी समस्या तुरंत हल हुई। इससे अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुरक्षा और इलाज की गुणवत्ता में वृद्धि हुई है। अस्पताल के अन्य वरिष्ठ चिकित्सकों ने भी कहा कि यह पहल स्वास्थ्य व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव लाने वाली है। चिकित्सक टीम अब मरीजों की शिकायतों और आपातकालीन स्थितियों को पहले से अधिक कुशलता से संभाल पा रही है। कुशा भाऊ ठाकरे जिला चिकित्सालय प्रशासन ने कहा कि इस तरह की सेवाएं मरीजों में विश्वास बढ़ाने के साथ-साथ अस्पताल की छवि को भी मजबूत करती हैं। डॉ. शिल्पी सराफ की सक्रियता और समर्पण ने मरीजों को राहत देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

## प्रेमिका के लिए 200 फीट के टावर पर चढ़ा आशिक

**जबलपुर।** जबलपुर में मंगलवार सुबह एक युवक प्रेमिका से शादी की जिद में हाईटेंशन लाइन के 200 फीट ऊंचे टावर पर चढ़ गया। वह तक नीचे उतरने से इनकार करता रहा और प्रेमिका को बुलाने की मांग करता रहा। मैहर निवासी रतन कोरी अपनी प्रेमिका से शादी करना चाहता था, लेकिन लड़की के परिवार वाले इसके लिए तैयार नहीं थे। मंगलवार सुबह वह सिहोरा के गंजताल गांव पहुंचा और फिर से शादी का प्रस्ताव रखा, लेकिन मना होने पर नाराज होकर टावर पर चढ़ गया। ऊपर से वह बार-बार यही कहता रहा जब तक वह आकर शादी के लिए हां नहीं करेगी, मैं नीचे नहीं उतरूंगा।

# बाणगंगा पार्क का स्टेट मॉनिटरिंग टीम ने किया निरीक्षण

### महिला समूहों के कार्यों की किया सराहना



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

नगर पालिका परिषद शहडोल द्वारा स्वच्छता, हरित विकास एवं जनभागीदारी को बढ़ावा देने के प्रयासों को एक बार फिर सराहना मिली है। मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा जितेंद्र भंडारी के निर्देशन में शहर के प्रमुख स्थलों का सुव्यवस्थित रखरखाव किया जा रहा है। इसी क्रम में बाणगंगा स्थित स्वामी विवेकानंद पार्क में स्टेट मॉनिटरिंग टीम ने निरीक्षण किया। यहां शहरी स्व सहायता समूह की महिलाएं अमृत 2.0 योजना के तहत अमृत मित्र स्व सहायता समूह के माध्यम से विभिन्न कार्यों का सफल संचालन कर रही हैं। महिलाओं को पार्क में वृक्षों की देखरेख, कटाई-छंटाई, सिंचाई, जल गुणवत्ता परीक्षण सहित ÷वुमन फॉर ट्री÷ अभियान के अंतर्गत पौधरोपण एवं संरक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। निरीक्षण के दौरान टीम ने महिलाओं द्वारा किए जा रहे समर्पित एवं गुणवत्तापूर्ण कार्यों की सराहना की।टीम ने महिलाओं को भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए आवश्यक मार्गदर्शन भी दिया। साथ ही विश्वास व्यक्त किया कि निरंतर प्रयास और सामूहिक भागीदारी से नगर पालिका परिषद शहडोल राज्य स्तर पर उत्कृष्ट पहचान बना सकता है। इस अवसर पर राज्य निगरानी समिति (अमृत मित्र परियोजना) के सदस्य विवेक शर्मा, एनयूएलएम नोडल अधिकारी सत्यकाम मिश्रा एवं सोशल एक्सपर्ट शेखर निम्बालकर सहित स्व सहायता समूह की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# जिले में गौ सम्मान आह्वान अभियान की जोरदार पहल

### प्रशासन से कार्रवाई की मांग



शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

जिले में गौ संरक्षण को लेकर जागरूकता अभियान तेज हो गया है। इसी दिशा में सोमवार को इंडियन कॉफी हाउस में गौ सम्मान आह्वान अभियान के तहत प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई। इसमें समाज के विभिन्न वर्गों को गौ माता के संरक्षण और संवर्धन के महत्व के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने कहा कि भारतीय संस्कृति में गौ माता का विशेष स्थान है और उनका संरक्षण धार्मिक ही नहीं बल्कि सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी जरूरी है। उन्होंने प्रशासन से आग्रह किया कि गौवंश की सुरक्षा और अवैध गतिविधियों पर नियंत्रण के लिए ठोस कदम उठाए जाएं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को गौ संरक्षण के लाभ और महत्व की जानकारी दी गई और हस्ताक्षर अभियान के माध्यम से जनसमर्थन जुटाया गया। बड़ी संख्या में नागरिकों ने हस्ताक्षर कर अभियान को समर्थन दिया। वक्ताओं ने कहा कि गौ सेवा ही राष्ट्र सेवा है और समाज के हर व्यक्ति से इस मुहिम में सहयोग की अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि केवल समाज या प्रशासन के प्रयास से ही नहीं बल्कि दोनों की संयुक्त कोशिशों से ही गौवंश की स्थिति में सुधार संभव है। नंदी गौ सेवा धाम की टीम ने अभियान को सक्रिय रूप से सफल बनाने में अहम भूमिका निभाई। टीम के सदस्य विकास जोतवानी, अमन यादव, सिद्धांत रजक, खुशी सोनी और परी जोतवानी विशेष रूप से उपस्थित रहे।

# बाल-सह-युवा नाट्य कार्यशाला का होगा आयोजन

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय के तत्वावधान में अप्रैल माह में नगर में बाल-सह-युवा नाट्य कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। रंगमंच और अभिनय में रुचि रखने वाले प्रतिभागी इस कार्यशाला में भाग लेकर अपने कौशल को निखार सकते हैं।कार्यशाला के निर्देशक, रंगकर्मी लकी चतुर्वेदी ने बताया कि इस कार्यशाला में प्रतिभागियों को अभिनय, बॉडी लैंग्वेज, बॉडी मूवमेंट, इंप्रोवाइजेशन, डायलॉग डिलीवरी, कैरक्टराइजेशन, थिएटर गेम्स, इमेजिनेशन, ऑब्ज़र्वेशन, वॉइस एवं स्पीच, एक्सप्रेशन, स्क्रिप्ट रीडिंग और राइटिंग जैसी तकनीकें सीखने का अवसर मिलेगा। इसके साथ ही प्रतिभागी कविता और कहानी वाचन, ट्रेडिशनल लोक कला गीत-नृत्य, थिएटर मैनेजमेंट, वस्त्र और रूप सज्जा, मंच सज्जा सामग्री, लाइट डिजाइन, प्रॉप्स निर्माण व उपयोग, मुखौटे आदि से भी परिचित होंगे। कार्यशाला के समापन सत्र में प्रतिभागियों द्वारा एक नाट्य प्रस्तुति भी मंचित की जाएगी। लकी चतुर्वेदी ने सभी इच्छुक बच्चों और युवाओं से इस कार्यशाला में सहभागिता करने की अपील की है ताकि वे रंगमंच की दुनिया का व्यावहारिक अनुभव प्राप्त कर सकें।

# कमिश्नर ने सुनी आमजन की समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित निराकरण के निर्देश

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने मंगलवार को कमिश्नर कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई में संभाग के दूर-दराज क्षेत्रों से आए लोगों की समस्याएं और शिकायतें सुनीं। उन्होंने सभी आवेदनों के समय-सीमा में निराकरण हेतु संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए। जनसुनवाई में अनपपुर जिले के ग्राम लोहरी निवासी रामलाल ने करपा जलाशय योजना के तहत अधिग्रहित भूमि का मुआवजा दिलाने, शहडोल जिले के ग्राम जमुआ निवासी गोपाल कृष्ण पाण्डेय ने भूमि से अतिक्रमण हटवाने, ग्राम बरेली निवासी हीरालाल गुप्ता ने पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने और उमरिया जिले के ग्राम मुदरिया वार्ड नंबर 8 निवासी रामसिंह ने भूमि का सीमांकन कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किए। कमिश्नर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्रता से कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य उपस्थित आवेदकों ने भी अपनी शिकायतें और समस्याएं कमिश्नर के समक्ष रखीं। जनसुनवाई में संभाग स्तरीय विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे और उन्होंने निराकरण प्रक्रिया में सहयोग का आश्वासन दिया।

# यूआईटी उत्सव का भव्य आगाज, खेल व सांस्कृतिक गतिविधियों से गूंजा परिसर

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in




यूआईटी आरजीपीवी में यूआईटी उत्सव 2026 का भव्य शुभारंभ उत्साह और उमंग के साथ हुआ। उद्घाटन अवसर पर खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रंगारंग प्रस्तुतियों ने परिसर को जीवंत बना दिया। आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों में प्रतिभा, रचनात्मकता और नेतृत्व क्षमता का विकास करना है। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में नवीन श्रीवास्तव पीएमओ सोहागपुर परियोजना एवं डॉ. पंकज शर्मा एनआईसी फिजिकल एजुकेशन उपस्थित रहे। अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर उत्सव का विधिवत शुभारंभ किया। डॉ. पंकज शर्मा ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को टीम वर्क, खेल भावना और नेतृत्व के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि खेल गतिविधियां न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास के लिए भी जरूरी हैं। साथ ही, उन्होंने युवाओं को शहीद भगत सिंह के जीवन से प्रेरणा लेने का संदेश दिया। वहीं नवीन श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे नवाचार और कौशल विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयास करते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के संचालक डॉ. पंकज जैन ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया और उनके सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया। उन्होंने खेल विकास के लिए डॉ. पंकज शर्मा द्वारा दिए जा रहे मार्गदर्शन पर प्रसन्नता जताई। उत्सव का संचालन आशीष दुबे, विवेक सिंह, सिराज खान एवं आकांक्षा मिश्रा के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे और पूरे आयोजन के दौरान उनमें खासा उत्साह देखने को मिला।

### हितग्राहियों को मिला लाभ

# दिव्यांगों के लिए सहायक उपकरण बने सहारा

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in





दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाने और उनकी जीवनशैली को सरल बनाने के उद्देश्य से जनपद पंचायत सोहागपुर के सभागार में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन कल्याण विभाग द्वारा सामाजिक अधिकारिता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने सहभागिता कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया और हितग्राहियों से संवाद किया। कलेक्टर डॉ. सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शासन की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से दिव्यांगजनों को सशक्त बनाने के प्रयास लगातार किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि कृत्रिम सहायक उपकरण न केवल उनकी दैनिक जरूरतों को आसान बनाते हैं बल्कि दूसरों पर निर्भरता भी कम करते हैं। उन्होंने हितग्राहियों से अपील की कि वे इन उपकरणों का नियमित उपयोग कर सक्रिय जीवनशैली अपनाएं। शिविर के दौरान कलेक्टर ने दिव्यांगजनों एवं वरिष्ठ नागरिकों से चर्चा कर उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली और योजनाओं के प्रभाव का जायजा लिया। कार्यक्रम में एडिप योजना के तहत 25 दिव्यांगजनों को 43 सहायक उपकरण वितरित किए गए, जबकि आरव्हीवाई योजना के अंतर्गत 78 वरिष्ठ नागरिकों को 125 उपकरण प्रदान किए गए। इनमें बैसाखी, ट्राईसाइकिल, वॉकर, व्हीलचेयर और छड़ी जैसे आवश्यक उपकरण शामिल रहे। इस अवसर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिवम प्रजापति, जनपद अध्यक्ष श्रीमती हीरावती कोल, उपाध्यक्ष शक्ति सिंह, जनपद पंचायत सोहागपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गैलेक्सी नागपुरे, उप संचालक सामाजिक न्याय विभाग सुश्री प्रज्ञा मरावी सहित अन्य अधिकारी एवं बड़ी संख्या में हितग्राही उपस्थित रहे।

# कलेक्ट्रेट में साप्ताहिक जनसुनवाई

### दूर-दराज से पहुंचे लोगों ने रखीं समस्याएं

शहडोल | संवाददाता
rashtrabaan.in



कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनसुनवाई आयोजित की गई। जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं और शिकायतें प्रशासन के समक्ष रखीं। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री शिवम प्रजापति ने आवेदकों की समस्याएं सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। जनसुनवाई में ग्राम अटरिया निवासी नारायण तिवारी ने व्यवस्थापन पट्टा की नकल दिलाने, धनपुरी वार्ड क्रमांक 10 की रश्मि नामदेव ने रोजगार उपलब्ध कराने, ग्राम साखी की रामरती चतुर्वेदी ने प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना का लाभ दिलाने का आवेदन प्रस्तुत किया। वहीं, शहडोल वार्ड क्रमांक 13 की किरण सिंह ने बीपीएल कार्ड बनवाने, ग्राम अमलाई के सौखीलाल कोल ने नाली निर्माण, ग्राम पड़री के हीरालाल बैगा ने भूमि नक्शा तरमीम तथा ग्राम नरगी के सुखलाल बैगा ने सीमांकन कराने की मांग रखी।इसके साथ ही ग्राम बलबहरा निवासी रीतू तिवारी ने रोजगार उपलब्ध कराने संबंधी आवेदन प्रस्तुत किया। कलेक्टर ने सभी आवेदनों को संबंधित विभागों को भेजते हुए शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जनसुनवाई में प्राप्त अन्य आवेदनों पर भी अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए गए।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 8 अप्रैल 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# लालबर्रा जनपद अध्यक्ष ने विधायक के आरोपों को किया खारिज, कहा- नियमों के तहत हो रही सामूहिक विवाह की प्रक्रिया

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in




जिले की लालबर्रा जनपद पंचायत कार्यालय में सोमवार 06 अप्रैल को शाम 04 बजे आयोजित एक प्रेस वार्ता के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता मनोज ग्वालवंशी ने बालाघाट - लालबर्रा विधानसभा की विधायक द्वारा मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के अंतर्गत होने वाले सामूहिक विवाह आयोजन पर लगाए गए आरोपों को पूरी तरह से निराधार और बेबुनियाद बताया है। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए ग्वालवंशी ने स्पष्ट किया कि सामूहिक विवाह की संपूर्ण प्रक्रिया शासन के तय मापदंड, नियमों और कानूनों के दायरे में रहकर ही की जा रही है। उन्होंने कहा, विधायक द्वारा लगाए जा रहे आरोप राजनीति से प्रेरित हैं। यदि किसी को भी प्रक्रिया में कोई त्रुटि लगती है, तो वे इसकी निष्पक्ष जांच करवा सकते हैं। हम पूरी तरह से पारदर्शी तरीके से पात्र हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। इस अवसर पर सभापति धनेन्द्र गोलू नगपुरे ने भी मीडिया को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि आगामी 19 अप्रैल 2026 को होने वाले इस भव्य आयोजन के लिए लालबर्रा जनपद में 200 जोड़ों के सामूहिक विवाह का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि जो भी आवेदन प्राप्त हो रहे हैं, उनकी सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और केवल पात्र जोड़ों को ही इस योजना का लाभ दिया जाएगा। शाम 4 बजे आयोजित इस महत्वपूर्ण चर्चा के दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती देवीलता मनोज ग्वालवंशी, सभापति धनेन्द्र (गोलू) नगपुरे, सभापति कुंवर सिंह बिसेन और जनपद सदस्य हरिशंकर बनवारी (मुन्ना बनवाले) मुख्य रूप से उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने एक स्वर में कहा कि जनपद पंचायत का मुख्य उद्देश्य गरीब और जरूरतमंद कन्याओं के विवाह में सहयोग करना है और इस नेक कार्य में किसी भी प्रकार की राजनीति नहीं होनी चाहिए।

## सामूहिक विवाह के आवेदनों को लेकर राजनीति पारा चढ़ा - कनकी सरपंच और जनपद प्रभारी आकाश बोकड़े का ऑडियो वायरल

बालाघाट–लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र की राजधानी लालबर्रा में इन दिनों ऑडियो वायरल होने का एक नया ट्रेंड चल पड़ा है। ताजा मामला ग्राम पंचायत कनकी के युवा सरपंच दुर्गाप्रसाद पगरवार, जो कि विधायक श्रीमति अनुभा मुंजारे के बेहद करीबी माने जाते हैं, और लालबर्रा जनपद पंचायत में समग्र अधिकारी व सामूहिक विवाह योजना के प्रभारी आकाश बोकड़े के बीच हुई बातचीत का है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे इस ऑडियो ने एक बार फिर प्रशासनिक कामकाज और राजनीतिक रसूख के बीच के टकराव को जनचर्चा के केंद्र में ला दिया है। वायरल ऑडियो में सामूहिक विवाह योजना के तहत जमा किए गए आवेदनों को लेकर तीखी बहस सुनी जा सकती है। बातचीत के दौरान सरपंच पगरवार ने आवेदनों की प्रक्रिया और नियमों को लेकर सवाल उठाए, जिस पर प्रभारी आकाश बोकड़े ने शासन द्वारा निर्धारित 200 आवेदनों की सीमा और बीडीसी (जनपद सदस्यों) द्वारा सीधे जमा किए गए फॉर्मों की मजबूरी का हवाला दिया। सरपंच ने इस प्रक्रिया पर नाराजगी जताते हुए इसे नियम विरुद्ध बताया और उचित कार्यवाही की चेतावनी दी।





### अब लालबर्रा में आ गया नया ट्रेंड ऑडियो वायरल कांड, काम चारआने का हल्ला बाराआने का

गौरतलब है कि पिछले तीन महीने के भीतर लालबर्रा क्षेत्र में यह तीसरा बड़ा ऑडियो वायरल है। इससे लगभग तीन महीने पूर्व विधायक के निज सहायक निराला बघेले व ग्राम पंचायत मोहगांव धपेरा सरपंच प्रतिनिधि पवन नगपुरे, तथा एक महीने पूर्व विधायक प्रतिनिधि अब्बू शाह और लालबर्रा किसान कांग्रेस अध्यक्ष मुनेंद्र ठाकरे के बीच विवाद के ऑडियो भी चर्चाओं में सुने गये हैं। विधायक के निजी सहायक एवं विधायक प्रतिनिधि के ऑडियो वायरल के बाद विधायक ने दोनों जिम्मेदारों को उनके पद से पृथक करने की कार्रवाई की है। इसके बाद चौथा ऑडियो वायरल कांड जनपद सभापति धनेंद्र (गोलू) नगपुरे और कांग्रेस लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष व जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुन्नालाल भोयर के बीच सामुहिक विवाह के लिए जमा कराये गये आवेदनों को लेकर चर्चा हो रही है। जिसमें नियमानुसार विधिवत पात्र हितग्राहियों के आवेदन जमा कराकर शासन की जनहितैषी योजनाओं का लाभ पात्र व जरूरतमंद हितग्राहियों को दिलाने की चर्चा चल रही है। लगातार हो रहे इन ऑडियो वायरल कांड और खुलासों ने क्षेत्र की राजनीति में हड़कंप मचा दिया है, जिससे सरकारी योजनाओं के क्रियान्वयन और पारदर्शिता पर भी सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं।

### सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आडियो कांड से लालबर्रा में उबाल

सोशल मीडिया पर एक के बाद एक लगातार हो रहे वायरल कांड से जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी व अन्य आम जनमानस भी अब किसी से भी मोबाईल फोन पर अपने मन की बात खुलकर कहने से कतराने लगे हैं। बालाघाट - लालबर्रा विधानसभा क्षेत्र में विधायक के निज सहायक (पीए) एवं मोहगांव धपेरा सरपंच प्रतिनिधि के बीच चर्चा, विधायक प्रतिनिधि व ठेकेदार एवं किसान कांग्रेस लालबर्रा ब्लॉक अध्यक्ष के बीच चर्चा, कनकी सरपंच एवं समग्र अधिकारी व सामूहिक विवाह योजना के प्रभारी के बीच चर्चा, सभापति धनेंद्र (गोलू) नगपुरे एवं लालबर्रा कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष व जनपद सदस्य प्रतिनिधि के बीच चर्चा का ऑडियो वायरल कांड ने क्षेत्र में उबाल मचा दिया है। अब सभी लोग मन के अंदर की बात खुलकर मोबाईल फोन पर न करते हुए आमने–सामने मिलकर करना ज्यादा बेहतर समझ रहे हैं।

# लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अव्यवस्था का आलम डॉक्टरों की कमी से बेपटरी हुईं स्वास्थ्य सुविधाएं




लालबर्रा | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

शासन और जनप्रतिनिधि बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के चाहे कितने ही दावे कर लें, लेकिन लालबर्रा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जमीनी हकीकत इन दावों की पोल खोल रही है। वर्तमान में यह केंद्र खुद ÷बीमार÷ नजर आ रहा है, जहाँ डॉक्टरों की भारी कमी के कारण क्षेत्रवासियों को समुचित उपचार नहीं मिल पा रहा है। आलम यह है कि अस्पताल में विशेषज्ञों के पद रिक्त होने या डॉक्टरों की अनुपस्थिति के चलते मरीजों को घंटों इंतजार करना पड़ता है या फिर मायूस होकर निजी क्लीनिकों की शरण लेनी पड़ रही है।

### डेंटिस्ट के भरोसे ओपीडी, जिम्मेदार स्टाफ नदारद

अस्पताल की चरमराई व्यवस्था का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि यहाँ प्रतिदिन एकमात्र डॉक्टर धर्मेंद्र गोहिया ही मोर्चा संभाले नजर आते हैं। बताया जाता है कि डॉ. गोहिया मूल रूप से डेंटिस्ट (दंत रोग विशेषज्ञ) हैं, लेकिन अन्य डॉक्टरों की उपलब्धता न होने के कारण उन्हें मजबूरी में सामान्य ओपीडी देखनी पड़ रही है।

### निजी चिकित्सकों पर निर्भर होने को मजबूर ग्रामीण

लालबर्रा स्वास्थ्य केंद्र में विशेषज्ञ डॉक्टरों के अभाव में गंभीर बीमारियों का इलाज तो दूर, सामान्य प्राथमिक उपचार के लिए भी मरीजों को भटकना पड़ रहा है। सरकार द्वारा सरकारी अस्पतालों में मुफ्त और बेहतर इलाज के दावे यहाँ खोखले साबित हो रहे हैं। बेहतर इलाज की उम्मीद में आने वाले गरीब ग्रामीणों को अंततः आर्थिक बोझ सहते हुए निजी अस्पतालों का रुख करना पड़ता है। क्षेत्रवासियों ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के उच्च अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द यहाँ डॉक्टरों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए और रिक्त पदों पर विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाए, ताकि स्वास्थ्य सुविधाएँ पुनः पटरी पर लौट सकें।

स्थानीय लोगों का आरोप है कि जिन डॉक्टरों की ड्यूटी लगाई जाती है, वे भी समय पर अस्पताल नहीं पहुँचते। जिम्मेदार स्टाफ की इस लेट-लतीफी और गैर-जिम्मेदाराना रवैये के कारण दूर-दराज के ग्रामीण क्षेत्रों से आए मरीजों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

# महंगाई के खिलाफ कांग्रेस का हल्ला बोल

10 अप्रैल को कटंगी बस स्टैंड पर होगा विशाल प्रदर्शन

कटंगी | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर क्षेत्र की ज्वलंत समस्याओं और बेलगाम बढ़ती महंगाई के विरोध में आगामी 10 अप्रैल दिन शुक्रवार को कटंगी विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस जनों द्वारा तहसील स्तरीय विशाल धरना-प्रदर्शन आयोजित किया जा रहा है। यह जन-आंदोलन स्थानीय बस स्टैंड पर शाम 4 बजे से शुरू होगा, जिसमें कांग्रेस के तमाम अनुषांगिक संगठनों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

### राज्यपाल के नाम सौंपा जाएगा ज्ञापन

कांग्रेस नेताओं का आरोप है कि सरकार जनहित के मुद्दों पर कुंभकर्णी नींद सोई हुई है। प्रदर्शन के अंत में महामहिम राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन सौंपा जाएगा। कार्यक्रम की सफलता के लिए ब्लॉक, नगर, यूथ, ग्राम पंचायत, मण्डलम और सेक्टर कमेटियों को सक्रिय कर दिया गया है। साथ ही चेतावनी भी दिया है कि कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि जब तक जनता को इन मूलभूत समस्याओं से राहत नहीं मिलती, तब तक पार्टी का चरणबद्ध संघर्ष जारी रहेगा।

### इन चार प्रमुख मुद्दों पर सरकार को घेरेगी कांग्रेस

ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कटंगी के अध्यक्ष नीरज हीरावत, तिरोड़ी ब्लॉक अध्यक्ष ज्ञानीराम राहंगडाले और भौरगड़ ब्लॉक अध्यक्ष गंगाराम डहरवाल ने संयुक्त रूप से बताया कि वर्तमान सरकार की गलत नीतियों के कारण आम जनता का जीना मुहाल हो गया है। आंदोलन मुख्य रूप से इन मांगों पर केंद्रित रहेगा। रसोई गैस सिलेंडर के आसमान छूते दामों को कम करना। बिजली दरों में की गई बेतहाशा वृद्धि वापस लेना। पेट्रोल–डीजल की किल्लत और बढ़ती कीमतों पर लगाम। रोजमर्रा की खाद्य सामग्रियों के दामों में हो रहे इजाफे पर रोक। नगर कांग्रेस अध्यक्ष महेंद्र कटारिया और युवा कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष आकाश कड़वे ने साझा बयान में कहा कि यह लड़ाई अब केवल राजनीतिक दल की नहीं, बल्कि उस हर व्यक्ति की है जो महंगाई की चक्की में पिस रहा है। किसान कांग्रेस अध्यक्ष उमेश पटले महिला कांग्रेस और सेवा दल के पदाधिकारियों ने क्षेत्र के किसानों जनप्रतिनिधियों और आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपनी आवाज बुलंद करने के लिए अधिक से अधिक संख्या में इस आंदोलन का हिस्सा बनें।

# बालाघाट में 9 दिन तक बिजली कटौती, 8 से 19 अप्रैल तक

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट शहरी विद्युत कार्यालय ने शहर में 9 दिनों के लिए बिजली कटौती का प्लान जारी किया है। यह कटौती 8 अप्रैल से 19 अप्रैल तक सुबह 7 बजे से दोपहर 1 बजे तक की जाएगी। इसका उद्देश्य 33/11 के.व्ही. उपकेंद्रों से निकलने वाली 11 के.व्ही. लाइनों का ग्रीष्मकालीन रखरखाव कार्य करना है। हालांकि, 12 और 14 अप्रैल को कटौती से मुक्त रखा गया है। 8 अप्रैल को 33/11 के.व्ही. सब स्टेशन से इंद्रा नगर, पॉलिटेक्निक कॉलेज, कुमार फर्नीचर, जागपुर रोड, हरिओम नगर, गायखुरी स्कूल, गायखुरी बस्ती, पटवारी प्रशिक्षण केंद्र, निर्मल नगर, पंवार ले-आउट, कावरे गार्डन, अवधपुरी, प्रभुत्तम नगर, मांटेसरी स्कूल, टेलीफोन एक्सचेंज, सरस्वती नगर, नर्मदा नगर, जैन बेकरी और एच.टी. उपभोक्ता रिलायंस की विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।इसके बाद, 9 अप्रैल को 33 के.व्ही. सब स्टेशन मोतीनगर के 11 के.व्ही. निर्मल नगर फीडर में कटौती होगी। 10 अप्रैल को मोतीनगर फीडर, 11 अप्रैल को टाउन-2 फीडर, 13 अप्रैल को बूढ़ी फीडर, 15 अप्रैल को भटेरा फीडर, 16 अप्रैल को टाउन-3 फीडर, 17 अप्रैल को रेलवे स्टेशन फीडर, 18 अप्रैल को टाउन-1 फीडर और 19 अप्रैल को टाउन-4 फीडर में बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी। शहर बिजली कार्यालय के अभियंता ने बताया कि इस कटौती की समयावधि बढ़ाई भी जा सकती है।

# बालाघाट में नपाध्यक्ष के वार्ड में शराब दुकान का विरोध

अधिकारी बोले– प्रभारी मंत्री के निर्देश पर खुल रही; भारती ठाकुर ने मांगा लिखित प्रमाण

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट मुख्यालय के वार्ड क्रमांक 24 में मंगलवार को रिहायशी इलाके में शराब दुकान खोलने के विरोध में स्थानीय महिलाएं और नागरिक सड़कों पर उतर आए। नपा अध्यक्ष भारती ठाकुर ने भी प्रदर्शनकारियों का समर्थन करते हुए चक्काजाम कर दिया। प्रदर्शन के दौरान आबकारी अधिकारी ने दुकान खोलने को प्रभारी मंत्री का निर्देश बताया, जिस पर नपाध्यक्ष ने कड़ी आपत्ति जताई।

**राशन दुकान और मंदिर के पास शराब का विरोध**

वार्ड क्रमांक 24 में ओंकार बिसेन की दुकान में नई शराब दुकान प्रस्तावित है, जिसके ठीक बगल में राशन की दुकान संचालित है। स्थानीय निवासी निशा धुवारे ने बताया कि इस क्षेत्र में दुर्गा मंदिर, आईजी कार्यालय और एक सार्वजनिक उद्यान है। घनी आबादी वाले इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों स्कूल-कॉलेज के छात्र गुजरते हैं, जिससे सुरक्षा का खतरा बना रहेगा।



### आबकारी अधिकारी के मंत्री निर्देश का दावा

विरोध स्थल पर पहुंचे आबकारी अधिकारी इक्का ने कहा कि यह दुकान प्रभारी मंत्री के निर्देश पर खोली जा रही है। उन्होंने दावा किया कि इस प्रक्रिया में कलेक्टर, एसपी और स्थानीय जनप्रतिनिधियों का समन्वय शामिल है। हालांकि, अधिकारी ने किसी विशिष्ट जनप्रतिनिधि का नाम लेने से परहेज किया, जिससे विवाद और गहरा गया।

# खेत में करंट लगने से महिला की मौत

**बालाघाट।** बालाघाट से सटे सिवनी जिले के उगली थाना क्षेत्र के रैचना गांव में खेत में पानी की मोटर चालू करते समय करंट लगने से एक महिला मंजूलता गौतम (33) की मौत हो गई। उन्होंने बालाघाट के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान मंगलवार को दम तोड़ दिया। मंगलवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम कराया गया। जानकारी के अनुसार, मंजूलता सुबह महुआ बीनने गई थीं। इसी दौरान धान की फसल को पानी देने के लिए खेत में लगी मोटर चालू करते समय उन्हें करंट लगा और वह गिर गईं। उनके साथ मौजूद बेटे ने शोर मचाया, जिसके बाद खेत के पास काम कर रहे अन्य लोगों ने परिजनों को सूचना दी।

सरकारी योजनाओं से जोड़ने की मांग की, बोलीं– व्यापार करने ट्रेनिंग नहीं मिली

# समूह की महिलाएं स्वरोजगार मांगने कलेक्टर कार्यालय पहुंची

बालाघाट | संवाददाता
राष्ट्रबाण rashtrabaan.in

बालाघाट जिले के लांजी क्षेत्र की करीब 600 महिलाएं मंगलवार को अपनी समस्याओं को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचीं। स्व-सहायता समूह से जुड़ी इन महिलाओं ने सरकार से स्वरोजगार उपलब्ध कराने और सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने की मांग की। महिलाओं का आरोप है कि समूह बनाने के बावजूद उनके पास काम का कोई जरिया नहीं है। समूह से पिछले 15 सालों से जुड़ी मंदा नंदनवार ने अपनी व्यथा सुनाते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों के समूह अब टूटने की कगार पर हैं। सरकार बैंकों से लोन तो दिलवा देती है, लेकिन उस पैसे का इस्तेमाल किस व्यवसाय में करना है, इसका कोई मार्गदर्शन नहीं मिलता। नतीजा यह है कि महिलाएं स्वरोजगार शुरू नहीं कर पातीं और कर्ज के बोझ तले दब रही हैं।



### सिर्फ आश्वासनों तक सीमित रहा रोजगार

समूह की अध्यक्ष मंजू भालाधरे ने बताया कि समूह बनाते समय उन्हें बड़े–बड़े सपने दिखाए गए थे और रोजगार दिलाने का भरोसा दिया गया था। लेकिन 3–4 साल गुजर जाने के बाद भी स्थिति जस की तस है। नगर परिषद की ओर से भी उन्हें कोई ट्रेनिंग या मार्गदर्शन नहीं मिला है।

### आत्मनिर्भर बनने की मांग

महिलाओं ने कलेक्टर से मांग की है कि उन्हें शासन की योजनाओं से सीधे जोड़ा जाए और काम के अवसर दिए जाएं। उनका कहना है कि वे आत्मनिर्भर बनना चाहती हैं, लेकिन मार्गदर्शन और काम के अभाव में वे आर्थिक और मानसिक रूप से परेशान हो रही हैं। अब महिलाओं की नजरें प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी हैं।

राष्ट्रबाण
सिवनी, बुधवार 8 अप्रैल 2026

# सिवनी राष्ट्रबाण

• बरघाट • छपारा • धनोरा • घंसौर • केवलारी • कुरई • लखनादौन • सिवनी ग्रामीण

# सेवा सहकारी समिति बीसावाड़ी में वंशवाद और फर्जीवाड़े का खेल?

## प्रबंधक की कुर्सी पर अपनों का कब्जा!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जिले** की सेवा सहकारी समिति मर्यादित बीसावाड़ी इन दिनों भ्रष्टाचार और वंशवाद के आरोपों के घेरे में है। मामला वर्तमान प्रबंधक राकेश कुमार राय की नियुक्ति से जुड़ा है, जिस पर अब गंभीर सवालिया निशान खड़े हो रहे हैं। आरोप है कि यह नियुक्ति योग्यता के आधार पर नहीं, बल्कि सेटिंग और रसूख के दम पर की गई है।

### भ्रष्टाचार का बांकी कनेक्शन और बेहिसाब संपत्ति


राकेश कुमार राय।


अयोध्या प्रसाद राय

आरोप यहीं नहीं रुकते। चर्चा है कि सेवा सहकारी समिति बांकी के प्रबंधक संतकुमार राजपुर के साथ मिलकर कथित तौर पर अवैध गतिविधियों और भ्रष्टाचार को अंजाम दिया जा रहा है। साथ ही आय से अधिक संपति का मामला भी संज्ञान में आ रहा है जिसमें ग्रामीणों का आरोप है कि पद का दुरुपयोग कर राकेश राय ने अपनी आय के ज्ञात स्रोतों से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित कर ली है। निष्पक्ष जांच की मांग करते हुए क्षेत्र के सजग नागरिकों का कहना है कि यदि शासन स्तर पर निष्पक्ष जांच लोकायुक्त या ईओडब्ल्यू कराई जाए, तो दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

### पिता के बाद पुत्र : क्या यह प्राइवेट लिमिटेड कंपनी है?

सूत्रों और स्थानीय चर्चाओं के अनुसार, राकेश कुमार राय के पिता अयोध्या प्रसाद राय भी इसी समिति में प्रबंधक के पद पर आसीन थे। चर्चा है कि अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने नियमों को ताक पर रखकर, सोसाइटी बोर्ड के साथ साठगांठ की और विरासत के रूप में यह कुर्सी अपने बेटे को सौंप दी। क्या सहकारी समितियाँ अब पारिवारिक संपत्ति बन गई हैं?

**इलाहाबाद से डिग्री का रहस्य : सिवनी का छात्र और बाहरी पढ़ाई?**

दस्तावेजों में एक और चौंकाने वाला पहलू सामने आया है। जब राकेश कुमार राय की शैक्षणिक योग्यता हिन्दी साहित्य सम्मेलन, इलाहाबाद से दिखाई गई है। सवाल यह उठ रहा है कि आखिर सिवनी में रहने वाला व्यक्ति अचानक इलाहाबाद से पढ़ाई कैसे कर गया? क्या यह डिग्री असली है या फिर प्रबंधक की कुर्सी हासिल करने के लिए रचा गया कोई कागजी मायाजाल? इलाके में यह चर्चा आम है कि इस गोलमाल की परतें खुलीं तो कई बड़े राज बेनकाब होंगे।

**बड़ा सवाल आखिर कब जागेगा प्रशासन?**

हजारों किसानों की गाढ़ी कमाई और सरकारी खाद-बीज का जिम्मा संभालने वाली इन समितियों में अगर इसी तरह सेटिंग से नियुक्तियां और भ्रष्टाचार होता रहा, तो सहकारिता का मूल उद्देश्य ही खत्म हो जाएगा। क्या उच्च अधिकारी इस पारिवारिक साम्राज्य और ' संदेहास्पद दस्तावेजों की जांच करने की जहमत उठाएंगे?

# बजट का बंटाधार और लक्ष्मी-नारायण का साझा दरबार!

## खिलाड़ियों की डाइट का पैसा कैफे और सेटिंग की भेंट?

**जांच हुई तो खुलेगा मैडम का कच्चा चिट्ठा!**


खिलाड़ी सुविधाओं को तरसे, खेल अधिकारी पर लक्ष्मी बरसे!
खेल विभाग या 'स्वागत-सत्कार' मंत्रालय?
खेल विभाग बना आरामगाह

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**जिला** खेल विभाग में भ्रष्टाचार की जड़ें अब इतनी गहरी हो चुकी हैं कि खेल के मैदानों पर घास नहीं, बल्कि कमीशन की फसल लहलहा रही है। सूत्रों की मानें तो साल भर का करोड़ों का खेल बजट जिला खेल अधिकारी मनु धुर्वे और उनके खास लक्ष्मी नारायण विभागीय रसूखदारों की चौकड़ी ने मिलकर डकार लिया है। चर्चा आम है कि जिस पैसे से खिलाड़ियों को किट, ट्रैक सूट और पौष्टिक आहार मिलना था, वह अब मैडम के चहेते कैफे और फाइव स्टार मेहमाननवाजी के बिलों में स्वाहा हो गया है।


लक्ष्मी प्रसाद ठाकरे


नारायण बिसेन


मनु धुर्वे, जिला खेल अधिकारी

### डाइट के पैसे से सेटिंग की दावतें!

विभागीय गलियारों में तीखी चर्चा है कि खिलाड़ियों के नाम पर आने वाली राशि का बड़ा हिस्सा कागजी घोड़ों को दौड़ाकर ठिकाने लगा दिया गया है। खिलाड़ियों को मैदान पर पानी की एक बूंद मयस्सर नहीं, लेकिन मैडम के दरबार में बैठने वाले खास लोगों के लिए कैफे कल्चर और लजीज व्यंजनों की कोई कमी नहीं है। आरोप लग रहे हैं कि बजट का बंदरबांट इस तरह किया गया है कि फाइलों में तो खिलाड़ी ओलंपिक की तैयारी कर रहे हैं, लेकिन हकीकत में वे फटे जूतों और टूटी किट के साथ धूल फांक रहे हैं।

### लक्ष्मी की कृपा और नारायण की सेवा

यह लक्ष्मी-नारायण का खेल इतना तगड़ा है कि विभाग के नियम-कायदे रद्दी के भाव बिक रहे हैं। खेल प्रेमी सवाल उठा रहे हैं कि आखिर मैडम को किसका संरक्षण प्राप्त है? क्या उनके ऊपर बैठे सफेदपोशों को भी इस बजट घोटाले की मलाई खिलाई जा रही है? साल भर का बजट आखिर कहाँ गया? क्या वह खिलाड़ियों के पेट में गया या मैडम और उनके लक्ष्मी नारायण की तिजोरियों में?

**जांच की आंच से कांपेगा विभाग!**

नगर के बुद्धिजीवियों और खेल प्रेमियों का कहना है कि यदि इस पूरे वित्तीय वर्ष के खर्चों की निष्पक्ष उच्चस्तरीय जांच जाए, तो दूध का दूध और कमीशन का पानी अलग हो जाएगा। जांच की आंच में मैडम की कुर्सी के साथ-साथ उन तमाम शुभचिंतकों के चेहरे भी बेनकाब होंगे जो खिलाड़ियों के हक के पैसे पर डाका डाल रहे हैं।

**खिलाड़ियों की आह या भ्रष्टाचार की वाह?**

क्या खेल मंत्री और कलेक्टर साहब इस कागजी बाजीगरी का संज्ञान लेंगे? या फिर मनु धुर्वे और लक्ष्मी-नारायण इसी तरह सिवनी के खेल भविष्य का गला घोंटता रहेगा? अब वक्त आ गया है कि फाइलों के पन्ने पलटें और जनता को हिसाब दिया जाए कि बजट का मेवा आखिर किसने चखा?

# क्या अब सीधे ऊपर से गिरेगी गाज?

## प्रशासन की धृतराष्ट्र नीति पर उठने लगी जांच की तलवार!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in


राष्ट्रबाण लगातार
शिक्षा के मंदिर में सियासी रसूख का पहरा

**शिक्षा** के मंदिर में सियासी रसूख का पहरा यह सिर्फ एक हेडलाइन नहीं, बल्कि जिला प्रशासन के चेहरे पर लगा वो दाग है जिसकी तपिश अब भोपाल तक पहुँचने लगी है। सवाल यह नहीं है कि एक नेता ने कॉलेज को अपना निजी चेंबर बना लिया, सवाल तो यह है कि क्या जिला प्रशासन के आला अधिकारियों ने अपनी आंखों पर पट्टी बांधकर मौन स्वीकृति का सर्टिफिकेट दे दिया है?



### ऊपर से जांच हुई, तो नपेंगे कई महारथी

सिवनी के गलियारों में अब एक ही सुगबुगाहट है कि यदि जिला प्रशासन ने अब भी कुंभकर्णी नींद नहीं त्यागी, तो उच्च स्तरीय जांच का चाबुक चलना तय है। अगर शासन स्तर से इसकी निष्पक्ष जांच शुरू हुई, तो सबसे पहले वो अधिकारी नपेंगे जिन्होंने कॉलेज की मर्यादा को तार-तार होते देखा और फाइलों में सब ठीक है का राग अलापते रहे।
क्या प्रशासन के पास कोई लिखित अनुमति है?
या फिर सियासी रसूख के खौफ ने अफसरों की कलम की स्याही सुखा दी है?

**कुर्सी बचाने की जद्दोजहद या कर्तव्यों से समझौता?**

शिक्षा के बजट को चुनावी प्रोपेगेंडा की भेंट चढ़ते देखकर भी खामोश रहना यह संकेत देता है कि जिम्मेदार अधिकारी अपनी कुर्सियां बचाने के मोह में इतिहास के काले पन्नों में अपना नाम दर्ज करा रहे हैं। कॉलेज के संसाधनों का दुरुपयोग और भाजपा के कार्यक्रमों के लिए बिछाई जा रही रेड कार्पेट प्रशासन की मिलीभगत की चीख-चीख कर गवाही दे रही है।

### सफेदपोशों की तस्वीरों का कवच और डरा हुआ प्रशासन

सूत्रों की मानें तो कॉलेज परिसर में बाबा पांडे के बढ़ते हस्तक्षेप ने जिला प्रशासन की कार्यक्षमता को लकवाग्रस्त कर दिया है। चर्चा गर्म है कि बड़े नेताओं के साथ खिंचवाई गई तस्वीरों के दम पर नियम-कायदों को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया गया है। जनता अब पूछ रही है कि क्या ये तस्वीरें इतनी ताकतवर हैं कि कानून के हाथ बांध दिए जाएं?

# वाहन ने बाइक को मारी टक्कर, महिला-युवक की मौत

## सिवनी के बंडोल में हादसा, आरोपी ड्राइवर फरार; सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**सिवनी** के बंडोल थाना क्षेत्र अंतर्गत नेशनल हाईवे 44 पर बंडोल गांव के पास एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने एक बाइक को टक्कर मार दी। हादसे में बाइक सवार महिला और युवक की मौके पर ही मौत हो गई। घटना मंगलवार दोपहर लगभग 2 बजे की है।

**दोनों बाइक से बंडोल बाईपास की ओर जा रहे थे**

जानकारी के अनुसार, यह हादसा उस समय हुआ जब महिला और पुरुष दोनों बाइक से बंडोल बाईपास की ओर जा रहे थे। इसी दौरान पीछे से आ रहे तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार जमीन पर गिर गए, जिससे सिर, हाथ, पैर और शरीर के अन्य अंगों में गंभीर चोटें आने से उनकी मौत हो गई।

# सिवनी में स्कूल स्थानांतरण करने के आदेश का विरोध

**सिवनी।** सिवनी शहर के भगत सिंह वार्ड स्थित शासकीय कस्तूरबा कन्या माध्यमिक शाला के स्थानांतरण के निर्णय से छात्राओं और अभिभावकों में नाराजगी है। शाला को गंज वार्ड स्थित विवेकानंद प्राथमिक शाला में स्थानांतरित करने के आदेश के विरोध में मंगलवार को बच्चों और उनके परिजनों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। उन्होंने शाला को यथावत रखने की मांग की है।

# पुलिस ने नागपुर से नाबालिग बालिका को किया सुरक्षित बरामद

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** पुलिस द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत सिवनी जिले की डुण्डासिवनी पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहरण की गई एक 17 वर्षीय नाबालिग बालिका को महाराष्ट्र के नागपुर कोराडी से सकुशल बरामद कर परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

### क्या है पूरा मामला?

प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 05 अप्रैल को एक अभिभावक ने थाना डुण्डासिवनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उनकी 17 वर्ष 9 माह की बेटी, जो अपने मामा के घर ग्राम कण्डीपार गई थी, वहां से लापता है। परिजनों ने आशंका जताई थी कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा उसे बहला-फुसलाकर ले जाया गया है। पुलिस ने मामले की गंभीरता को देखते हुए अपराध क्रमांक 176/26 के तहत धारा 137(2) बीएनएस के अंतर्गत मामला दर्ज कर विवेचना शुरू की।




पुलिस अधीक्षक सिवनी सुनील मेहता के कुशल मार्गदर्शन और ए.एस.पी. दीपक मिश्रा व अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सचिन परते के निर्देशन में थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने तुरंत एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी सहायता और सूचना तंत्र के जरिए पुलिस को जानकारी मिली कि बालिका नागपुर के कोराडी क्षेत्र में हो सकती है। बिना समय गंवाए पुलिस टीम नागपुर रवाना हुई और बालिका को ढूंढ निकाला। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालिका को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है, जिससे परिवार में खुशी का माहौल है।

# डबल गेम का खिलाड़ी अब सलाखों के पीछे

## रजिस्ट्री एक, ग्राहक अनेक... और फिर चंपत!

राष्ट्रबाण सिवनी| संवाददाता rashtrabaan.in

**कहते** हैं कि कानून के हाथ लंबे होते हैं और निखिल शुक्ला को यह बात अब अच्छे से समझ आ गई होगी। साल 2024 से पुलिस की आंखों में धूल झोंककर मिस्टर इंडिया बना फिर रहा जालसाजी का आरोपी निखिल शुक्ला आखिरकार खाकी के हत्थे चढ़ ही गया। डूंडासिवनी पुलिस ने घेराबंदी कर इस शातिर खिलाड़ी का खेल खत्म कर दिया है।




### फरारी का अंत मुखबिर की सटीक टिप और खाकी का वार

घटना के बाद से ही निखिल शुक्ला पुलिस को छका रहा था। जबकि उसका साथी अखिल शुक्ला कोर्ट से जमानत पर बाहर है, निखिल भूमिगत हो गया था। लेकिन पुलिस कप्तान सुनील मेहता के निर्देशन में डूंडासिवनी पुलिस लगातार जाल बिछाए बैठी थी।
बीते सोमवार 6 अप्रैल को जैसे ही मुखबिर ने निखिल के सिवनी में होने की खबर दी, पुलिस ने बिना वक्त गंवाए उसे धर दबोचा। अदालत ने आरोपी की चालाकी को दरकिनार करते हुए उसे सीधे जेल की सलाखों के पीछे भेज दिया है। इस शातिर आरोपी को दबोचने में निरीक्षक चैनसिंह उइके, सउनि निसार खान और उनकी पूरी टीम धूपलाल नेताम, रवि धुर्वे, नितेश राजपूत, विक्रम देशमुख व अन्य की अहम भूमिका रही।

### क्या था जालसाजी का मास्टर प्लान?

आरोपी निखिल शुक्ला और उसके साथी अखिल शुक्ला ने ठगी का ऐसा जाल बुना था कि सुनने वालों के होश उड़ जाएं। इन्होंने जगदंबा सिटी स्थित एक ही प्लॉट और मकान को एक नहीं, बल्कि कई अलग-अलग लोगों को बेच डाला।

**खेल नंबर 1:** एक ही संपत्ति की कई रजिस्ट्रियां करा दीं।
**खेल नंबर 2:** उसी प्रॉपर्टी के नाम पर बैंक से मोटा लोन भी डकार लिया।
**खेल नंबर 3:** फरियादी महेंद्र पाल सिंह भाटिया के साथ इकरारनामा कर उन्हें भी चूना लगा दिया।

जब पुलिस ने इसकी परतें खोलीं, तो पता चला कि जालसाजों ने फर्जी कागजात कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बड़ी ही बेईमानी से लाखों का वारा-न्यारा किया है।







स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक संजय बघेल द्वारा श्री सिद्धिविनायक प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 26-बी, देशबंधु परिसर, प्रेस कॉम्पलेक्स, जोन-1, एमपी नगर भोपाल म.प्र से मुद्रित कराकर शिवनगर कॉलोनी सड़क मोहल्ला मरझोर जिला सिवनी से प्रकाशित।
RNI NO.: MPHIN/2015/72804 , **संपादक* संजय बघेल** पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त विवादों का निपटारा न्यायालयीन क्षेत्र सिवनी होगा। E-mail: rashtrabaan@gmail.com. mob: 7000427433